**निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली के निर्माण कार्य वं समय-वृद्धि की स्वीकृति के प्रस्ताव पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की दिनांक-13.03.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **ई0 रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,भ0नि0वि0, पटना। | - | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक् दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप, वैशाली के निर्माण कार्य के दिनांक-30.09.2024 से दिनांक-31.03.2026 तक समय-वृद्धि की स्वीकृति के प्रस्ताव। |
| 2.(a) | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹152.3754462 करोड़ (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का पत्रांक-546 दिनांक-04.02.2015) |
| (b) | प्रथम पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹301.40055 करोड़ (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का पत्रांक-181 दिनांक-13.07.2018) |
| (c) | द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹550.48079 करोड़ (कला, संस्कृति एवं युवा विभाग का पत्रांक-742 दिनांक-15.03.2024) |
| 3. | विषयांकित कार्य हेतु एकरानामा की राशि | - | ₹314.090195 करोड़, SBD-07/18-19 |
| 4. | संवेदक का नाम | - | Shapoorji Pallonji and Company Pvt Ltd |
| 5. | एकरानामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि | | 07.03.2019 |
| 6. | एकरानामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | - | 06.09.2021 |
| 7. | प्रथम समय-वृद्धि की तिथि | - | 31.10.2022 तक (दिनांक 22.04.2022 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक में स्वीकृति)। |
| 8. | द्वितीय औपबंधिक समय-वृद्धि की तिथि | - | 30.09.2023 तक (दिनांक 09.02.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक में स्वीकृति)। |
| 9. | तृतीय औपबंधिक समय-वृद्धि की तिथि | | 30.05.2024 तक (दिनांक 22.12.2023 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक में स्वीकृति)। |
| 10. | चतुर्थ औपबंधिक समय-वृद्धि की तिथि | | 30.09.2024 तक (दिनांक 26.07.2024 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के बैठक में स्वीकृति)। |
| 11. | पंचम औपबंधिक समय-वृद्धि की तिथि | | 31.03.2026 तक प्रस्तावित। |

12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक:-11 अनु0 दिनांक-07.01.2026 द्वारा दिनांक-31.03.2026 तक समय-वृद्धि प्रदान करने का प्रस्ताव अनुशंसा के साथ समर्पित किया गया है। कार्य एजेंसी SPCPL ने अपने पत्रांक-SPCL/BSSC/1538/2025/571 दिनांक 31.12.2025 द्वारा कार्य में हुए विलंब का कारण प्रतिवेदन समर्पित करते हुए विषयांकित निर्माण कार्य के अवधि विस्तार-31.03.2026 तक मांग की गई है। दिनांक-08.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समय-वृद्धि अनुमान्य पाया गया।

[समय-वृद्धि का कारण:-]

(i) IIT पटना की टीम एवं परामर्शी सुरेश गोयल एण्ड ऐसोसिएट से परामर्श/अनुशंसा के आलोक में स्तूप Design की आवश्यकता के आधार पर कतिपय मदो की बढ़ोतरी होने के कारण पूरक एकरारनामा SBD 10/2024-25 (₹53,48,877/-) एवं SBD 12/2024-25 (₹8,83,73,055/-) कार्य एजेंसी के साथ किया गया। उक्त पूरक एकरारनामा के कार्य मदो के निष्पादन हेतु Clauses of Contract के कंडिका-12.1 के अनुसार कार्य एजेंसी Shapoorji Pallonji and Company Pvt Ltd. को अतिरिक्त समय मान्य है।

(ii) इस कार्य के परामर्शी सुरेश गोयल एण्ड एसोसिएट नई दिल्ली थे, जिनके पास इस प्रकार के जटिल संरचना के निरूपण एवं क्रियान्वयन से संबंधित तकनीकी विशेषज्ञ नहीं होने के कारण स्टोन के डिटेलिंग से संबंधित निरूपण प्राप्त होने में विलंब हुई। डोम के निर्माण के समय Staging (Structual Steel support) की आवश्यकता के संबंध में परामर्शी के द्वारा पूर्व में अवगत नहीं कराया गया था। बाद में निर्माण के दौरान आई.आई.टी. पटना के परामर्शोपरांत Staging (Structual Steel support) का डिजाईन किया गया। इस कारण भी योजना के क्रियान्वयन में अत्यधिक विलंब हुआ। इस प्रकार परामर्शी के द्वारा विस्तृत डिजाईन इत्यादि समर्पित करने में किए गए विलंब के कारण उनके उपर आर्थिक दण्डात्मक कारवाई की गई है तथा उनको डिबार एवं एकरारनामा विखंडन करने हेतु कला एवं संस्कृति विभाग को कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0-2 के द्वारा अनुशंसा भी की गई है।

(iii) स्तूप के Dome के निर्माण के सुरक्षा के दृष्टिकोण से Stupa Dome stability हेतु Structual Steel support का प्रावधान किया गया। उक्त Stupa Dome stability check के लिए उपयोग में लाये जाने वाले 700MT स्टील स्टेजिंग सामग्री के procurement, fabrication एवं erection में अतिरिक्त समय लगा, जिस कारण परियोजना के निर्माण में विलम्ब हुआ।

(iv) Key Stone का Size अत्यधिक बड़ा एवं जटील नक्क़ाशी होने के कारण key Stone के Fabrication, Transpotation एवं Installation में 60 दिनों का अतिरिक्त समय लगा साथ ही key Stone को स्थापित करने में काफी सावधानी बरती गई, जिस कारण परियोजना कार्य पूर्ण करने में विलम्ब हुआ।

(v) स्तूप संरचना पूर्ण होने के उपरांत Structual Steel support हटाने से पूर्व संरचना को 15 दिन Stability Supervision Period में रखा गया, उसके बाद चरणबद्ध ढंग से Structual Steel support को सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक हटाया गया, जिससे परियोजना कार्य पूर्ण होने में विलम्ब हुआ।

(vi) Structual Steel support हटाने के उपरांत स्तूप के आन्तरिक भागो में पुनः Scaffolading किया गया और आंतरिक सतह पर स्टोन फिनिशिंग का कार्य कराया गया, जिससे परियोजना कार्य में विलम्ब हुआ।

SPCPL द्वारा विषयांकित योजना के सम्पूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु निम्नवत कार्य योजना समर्पित की गई है।

| S.No | Structure Name | % Complection | Targeted Completion Date |
|---|---|---|---|
| 1 | Guest House | 100% | Completed |
| 2 | Library & Meditation Hall | 100% | Completed |
| 3 | Visitors Centre | 100% | Completed |
| 4 | Museum | 100% | Completed |
| 5 | Amphitheatre | 95% | 31-Mar-26 |
| 6 | ESS Building | 98% | 31-Mar-26 |
| 7 | Stupa | 99% | 31-Mar-26 |
| 8 | External Development | 95% | 31-Mar-26 |
| 9 | Landscaping | 85% | 31-Mar-26 |

13. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-

सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य का औपबंधिक समय-वृद्धि दिनांक-31.03.2026 तक स्वीकृत करने की अनुशंसा इस शर्त के साथ की जाती है कि:-

1. विभाग के द्वारा स्वीकृत चतुर्थ समयवृद्धि दिनांक 30.09.2024 तक कार्य एजेंसी के द्वारा समर्पित कार्य योजना के अनुरूप निर्माण कार्य नही किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-02, भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा कार्य एजेंसी के विरूद्ध पेनाल्टी अधिरोपित करते हुए दिनांक 30.09.2024 के बाद एवं पंचम स्वीकृत समयवृद्धि के पहले एजेंसी के द्वारा किये गये कार्यो के विपत्र के राशि का दो प्रतिशत (2%) राशि पेनाल्टी के रूप में स्वीकृत समयवृद्धि की राशि से कटौती कर जब्त करेगें।
2. संवेदक कार्य एजेंसी समर्पित कार्य योजना के अनुसार कार्य को दिनांक 31.03.2026 तक पूर्ण करेगें।

चतुर्थ औपबंधिक समयवृद्धि की तिथि-30.09.2024 के बाद प्रदत्त समयवृद्धि के लिए किसी भी प्रकार क्षतिपूर्ति दावा/एस0बी0डी0 की कंडिका-10सी0सी0/सी0ए0 के तहत मूल्य वृद्धि देय नही होगा। अनुशंसा के साथ उक्त प्रस्ताव पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14. विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-07.01.2026 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में विषयांकित कार्य का औपबंधिक समय-वृद्धि दिनांक-31.03.2026 तक स्वीकृत करने का निर्णय इस शर्त के साथ की जाती है कि

(i) विभाग के द्वारा स्वीकृत चतुर्थ समयवृद्धि दिनांक 30.09.2024 तक कार्य एजेंसी के द्वारा समर्पित कार्य योजना के अनुरूप निर्माण कार्य नही किये जाने के कारण कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-02, भवन निर्माण विभाग, पटना के द्वारा कार्य एजेंसी को पेनाल्टी अधिरोपित करते हुए दिनांक 30.09.2024 के बाद एवं पंचम स्वीकृत समयवृद्धि के पहले के द्वारा किये गये कार्यो के विपत्र के राशि का दो प्रतिशत (2%) राशि पेनाल्टी के रूप में स्वीकृत समयवृद्धि की राशि से कटौती कर

(ii) संवेदक कार्य एजेंसी समर्पित कार्य योजना के अनुसार कार्य को दिनांक 31.03.2026 तक पूर्ण करेगें। दिनांक- 31.03.2026 तक औपबंधिक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त पर दी जाती है कि संवेदक चतुर्थ औपबंधिक समयवृद्धि की तिथि-30.09.2024 के बाद प्रदत्त समयवृद्धि के लिए किसी भी प्रकार क्षतिपूर्ति दावा/एस0बी0डी0 की कंडिका-10सी0सी0/सी0ए0 के तहत मूल्य वृद्धि दावा नहीं करेंगे। इस बारे में कार्यपालक अभियंता संबंधित एजेंसी से एक सप्ताह के भीतर शपथ पत्र प्राप्त कर लेंगे।

15. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13/3/26 | 13.3.26 | 13.3.26 | 13/3/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार | मुख्य अभियंता(उत्तर) | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सचिव |
| भ0नि0वि0, पटना। | भ0नि0वि0, पटना। | | भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(मुज0)-विविध-37/2022 1763 पटना, दिनांकः-13/3/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.3.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।